हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 24 जून 2026

06 जनसुनवाई में कलेक्टर ने 82 आवेदनों पर की सुनवाई


09 यादव समाज की जिला स्तरीय बैठक संपन्न




## खबर संक्षेप

### जिले में 17 से 26 जून तक चलाया जा रहा है नशा मुक्त भारत सप्ताह

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार सामाजिक न्याय विभाग द्वारा नशामुक्ति के उद्देश्य से जिले में 17 से 26 जून तक "नशा मुक्त भारत सप्ताह" आयोजित किया जा रहा है। इस सप्ताह के अंतर्गत जिलेभर में अनेक नशामुक्ति संबंधी जन जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इस सप्ताह के अंतर्गत जिले के स्कूल कॉलेजों में नशा मुक्ति पर निबंध, भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इसके साथ ही जन जागरूकता रैलियां, नुक्कड़ नाटक, नशा मुक्ति शपथ, ई-शपथ अभियान, युवाओं के लिए परामर्श सत्र एवं कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से छात्र-छात्राओं एवं युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में 26 जून को मादक द्रव्यों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर इस विशेष सप्ताह का समापन होगा। इस अवसर जागरूकता रैली निकाली जाएगी। यह रैली 26 जून को प्रातः 09 बजे आवासीय खेल परिसर से प्रारंभ होगी।

## व्यापारी बोले- 1.5 प्रतिशत मंडी शुल्क करने का यह फैसला तुरंत वापस नहीं लिया तो यह आंदोलन और उग्र रूप लेगा

# मंडी टैक्स बढ़ने के विरोध में कृषि उपज मंडी बंद, हम्माल और किसान दिनभर रहे परेशान

### मंडी शुल्क 1 प्रतिशत से बढ़ाकर 1.5 प्रतिशत करने के फैसले का विरोध, व्यापारियों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मध्य प्रदेश सरकार द्वारा अनाज और कृषि उपज पर मंडी टैक्स को 1 प्रतिशत से बढ़ाकर डेढ़ प्रतिशत करने के फैसले के विरोध में गल्ला व्यापारियों ने मोर्चा खोल दिया है। इस टैक्स बढ़ोतरी के विरोध में मंगलवार को व्यापारियों ने मंडी में पूरी तरह से कामकाज बंद रखा। व्यापारियों ने हड़ताल की जानकारी मंडी समिति को पहले ही दे दी थी। इस अचानक हुई मंदी बंदी के कारण मंडी परिसर में दिनभर सन्नाटा पसरा रहा। इस खींचतान के चक्कर में रोज कमाने-खाने वाले हम्माल, तुलावटी और दूर-दराज से अपनी फसल बेचने आए किसान दिनभर परेशान होते रहे।

दी ग्रेन मर्चेंट्स एसोसिएशन गल्ला मंडी के अध्यक्ष जितेंद्र राठौर के नेतृत्व में व्यापारियों के एक दल ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों का कहना है कि प्रदेश का अनाज व्यापार और इससे जुड़े उद्योग-धंधे पहले से ही मंदी और भारी आर्थिक दिक्कतों से जूझ रहे हैं। कई फैक्ट्रियां और मिलें बंद होने की कगार पर हैं। ऐसे समय में मंडी टैक्स को घटाने के बजाय उसे आधा प्रतिशत और बढ़ा देना व्यापार को पूरी तरह चौपट कर देगा। व्यापारियों ने तर्क दिया कि देश के कई राज्यों में मंडी टैक्स सिर्फ 0.5 से 1 प्रतिशत के बीच है। व्यापारी संगठन लंबे समय से इसे घटाकर आधा प्रतिशत 0.5 प्रतिशत करने की मांग कर रहा था, लेकिन सरकार ने इसे सीधे डेढ़ प्रतिशत कर दिया, जो बिल्कुल भी सही नहीं है।

### किसानों को होगा नुकसान

एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र राठौर ने बताया कि सरकार को लग रहा है कि यह टैक्स सिर्फ व्यापारियों पर लगा है, लेकिन इसका सीधा और अप्रत्यक्ष असर हमारे किसान भाइयों पर ही पड़ेगा। जब मंडी में टैक्स ज्यादा देना पड़ेगा तो व्यापारियों का खर्च बढ़ेगा।

इसका असर यह होगा कि व्यापारियों को किसानों की फसल का दाम कम करना पड़ेगा, जिससे किसानों को अपनी उपज का सही और पूरा मूल्य नहीं मिल पाएगा। यह फैसला किसान और व्यापारी दोनों के नुकसान का सौदा है।

### परेशान हुए किसान

दूसरी तरफ गांवों से आए उन किसानों की आफत आ गई, जिन्हें मंडी बंद होने की कोई जानकारी नहीं थी। वे सुबह-सुबह अपनी फसल ट्रैक्टर-ट्रॉली में लादकर मंडी पहुंच गए। यहां आकर जब गेट बंद मिले और नीलामी नहीं हुई तो वे दिनभर भीषण गर्मी और अव्यवस्था के बीच परेशान होते रहे। इधर व्यापारियों का कहना है कि यदि सरकार ने 1.5 प्रतिशत मंडी शुल्क करने का यह फैसला तुरंत वापस नहीं लिया तो आने वाले दिनों में यह आंदोलन और उग्र रूप लेगा।

### हम्मला-तुलावटियों को हुआ नुकसान

व्यापारियों की इस हड़ताल का सबसे बुरा असर गरीब मजदूरों और बेखबर किसानों पर देखने को मिला। मंडी बंद होने से नाराज तुलावटियों और हम्मालों ने साफ कहा कि सरकार और व्यापारियों की आपसी लड़ाई की वजह से हमेशा गरीब मजदूरों का पेट कटता है। आज हड़ताल के कारण दिनभर एक रुपए की मजदूरी नहीं हुई, जिससे हमारे सामने घर चलाने का संकट खड़ा हो गया है।

## जताखेड़ा के पास अनियंत्रित होकर पलटा चावल से भरा ट्रक, धू-धू कर जला



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इंदौर-भोपाल हाईवे पर मंगलवार को उस समय अफरा तफरी मच गई, जब जताखेड़ा के पास चावल से लदा एक तेज रफ्तार ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सडक़ पर ही पलट गया। ट्रक के पलटते ही उसमें भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटों ने पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे ट्रक में भरा भारी मात्रा में चावल और वाहन का एक बड़ा हिस्सा जलकर खाक हो गया। गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। ट्रक के ड्राइवर और क्लीनर ने समय रहते वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई। जानकारी के अनुसार ट्रक इंदौर से भोपाल की ओर जा रहा था। जैसे ही ट्रक जताखेड़ा के समीप पहुंचा, तभी अचानक चालक वाहन पर से अपना संतुलन खो बैठा। रफ्तार अधिक होने के कारण ट्रक लहराया और सडक़ के बीचों-बीच पलट गया। हादसा इतना जोरदार था कि ट्रक के पलटते ही उसके केबिन से चिंगारियां उठीं और कुछ ही सेकेंड में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि हाईवे से गुजर रहे अन्य वाहन चालक भी सहम गए और उन्होंने तुरंत अपने वाहन दूर रोक लिए।

### कूदकर बचाई जान, जला लाखों का माल

राहत की सबसे बड़ी बात यह रही कि जैसे ही ट्रक पलटा, चालक और क्लीनर ने बिना वक्त गंवाए केबिन से बाहर की तरफ छलांग लगा दी। दोनों सुरक्षित हैं, लेकिन इसके कुछ ही मिनटों बाद पूरा ट्रक आग का गोला बन गया। ट्रक के अंदर और पीछे लोड किया गया लाखों रुपए का चावल आग की भेंट चढ़ गया। दूर-दूर तक काले धुएं का गुबार और आग की ऊंची लपटें दिखाई दे रही थीं।

### दमकल ने पाया आग पर काबू

सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की गाडिय़ां मौके पर पहुंच गईं। दमकलकर्मियों ने तुरंत पानी की बौछारें शुरू कीं और काफी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका। हालांकि तब तक ट्रक और उसमें रखा माल पूरी तरह नष्ट हो चुका था। सडक़ के बीचों-बीच धू-धू कर जलते ट्रक के कारण इंदौर-भोपाल हाईवे पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं।

### लाखों के नुकसान का अनुमान, पुलिस जांच में जुटी

इस हादसे में चावल और वाहन को मिलाकर लाखों रुपए की नुकसान हुआ है। नुकसान का सटीक आंकड़ा जांच के बाद ही साफ हो पाएगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया हादसा तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण होना प्रतीत हो रहा है, लेकिन दुर्घटना के सही कारणों का पता लगाने के लिए जांच भी की जा रही है।

## अतिक्रमण पर सीएमओ का सख्त रवैया: सड़क पर जूते चप्पल फैले देख हुए नाराज



**सीहोर।** अतिक्रमण हटाने निकली नगर पालिका की टीम के मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुधीर कुमार का एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में वे एक जूते-चप्पल की दुकान के बाहर सड़क किनारे फैले अतिक्रमण को देखकर सख्त नाराजगी जताते नजर आ रहे हैं। सीएमओ की सख्ती के बाद दुकानदार ने तुरंत अपना सामान समेटना शुरू कर दिया।

जानकारी के अनुसार, सीहोर नगर पालिका की टीम सुबह शहर की व्यवस्थाओं का जायजा लेने और अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए निकली थी। इसी दौरान टीम ने देखा कि सड़क किनारे एक शेड के नीचे जूते-चप्पल फैले हुए हैं। इस अतिक्रमण के कारण सड़क पर आवागमन में बाधा हो रही थी, जिसे देखकर सीएमओ ने तत्काल कार्रवाई की।

### सफेद ट्रैक सूट में दिखे सीएमओ, तुरंत हटवाया अतिक्रमण

वायरल हो रहे वीडियो में सीएमओ सुधीर कुमार सफेद ट्रैक सूट और कैप पहने हुए दिखाई दे रहे हैं। वे दुकान के सामने खड़े होकर दुकानदार को सख्त लहजे में निर्देश देते हैं। उनके आदेश के बाद दुकानदार तुरंत ऊपर टंगे चप्पलों को हटाने और अपना सामान समेटने लगता है। इसके साथ ही सीएमओ ने अपने मातहत कर्मचारियों को भी अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देशित किया।

### कार्रवाई के बाद अन्य दुकानदारों में हड़कंप

इंटरनेट पर यह वीडियो तेजी से साझा किया जा रहा है, जिस पर स्थानीय लोगों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। कुछ लोगों का मानना है कि शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए ऐसी सख्ती बहुत जरूरी है। वहीं, कुछ लोग छोटे दुकानदारों के प्रति संवेदनशीलता बरतने की बात भी कह रहे हैं। नगर पालिका की इस सख्त कार्रवाई के बाद शहर के अन्य अतिक्रमणकारियों में भी हड़कंप मच गया है।

## मुस्करा गांव में संपन्न लोगों को दिए पीएम आवास पंचायत ने कहा-एससी एसटी का कोटा हुआ खत्म




**सीहोर।** मुस्करा के अनुसूचित जाति के ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने में ग्राम पंचायत के द्वारा जातिगत भेदभाव करने का आरोप लगाया। ग्रामवासियों ने पीएम आवास योजना का लाभ गांव के संपन्न वर्ग को दिए जाने और अनुसूचित जाति के ग्रामीणों का पीएम आवास योजना कोटा खत्म करने पर शिकायत दर्ज कराई।

कलेक्ट्रेट मंगलवार को जनसुनाई में पहुंचे ग्रामीणों ने बताया की हमारे दादा परदादा कच्चे मकानों में जीवन यापन कर मृत्यु को प्राप्त हो गए है। आज भी गांव में कई परिवार कच्चे खपरेल टीन पन्नी वाले घरों में रहने को विवश हो रहे है। बारिश में समस्या और भी बढ़ जाती है। कई बार पंचायत कार्यलय को आवेदन दे चुके है लेकिन निरीक्षण के बाद भी सूची में नाम नहीं आता है। गांव के पहले से संपन्न वर्ग के लोगों के नाम सूची में आते है और कई लोगों के पक्के मकान होने के बाद भी उनको लाभ दे दिया गया है। सरपंच सचिव कहते है कि ग्राम में एससी एसटी का कोटा खत्म हो गया है। जनसुनवाई में पहुंचे रोहित बकोरिया,विशाल बकोरिया, अमर सिंह,लक्ष्मण धामडिय़ा,मुकेश,अमर सिंह,सोरम गौरा आकाश,पप्पू,संतोष फूलबती बाई सहित अनेक अनुसूचित जाति के ग्रामीणों ने पीएम आवास का गांव में सर्वे पुनः कराने और अनुसूचित जाति के लोगों को पीएम आवास योजना का लाभ दिलवाया जाने की मांग की प्रशासन से की है।

## भगवान महेश नवमी पर्व पर निकाला चल समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मंगलवार को माहेश्वरी समाज सीहोर द्वारा अपने आराध्य देव भगवान महेश महेश्वरीयों का उत्पत्ति दिवस महेश नवमी पर्व पर महेश्वरी मांगलिक भवन से भव्य समारोह निकला भव्य चल समारोह निकाला जिसमें भगवान महेश बग्गी पर सवार थे।

चलसमारोह नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए महेश्वरी मांगलिक भवन पहुंचे, जहां भगवान महेश का अभिषेक पूजन अर्चन कर आरती एवं प्रसाद वितरित किया गया। चल समारोह में बड़ी संख्या में समाज के महिला वर्ग पीले वस्त्र धारण किए एवं पुरुष वर्ग श्वेत वस्त्र धारण किए शामिल रहे। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष योगेश राठी, महिला मंडल अध्यक्ष संगीता राठी समाज सचिव महेश, माहेश्वरी महिला मंडल सचिव अनीता बांगड़, जिला सचिव राकेश बांगड़, जिला महिला मंडल के सचिव रानी तोषनीवाल, युवा संगठन के जिला अध्यक्ष पार्थ साबू आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर समाजसेवी सुरेश साबू द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया एवं महेश नवमी की सभी महेश जन को बधाई दी।

## सीताराम यादव भी रहेंगे प्रदेश कार्यसमिति में विशेष आमंत्रित सदस्य

# जिले से शिवराज सिंह, जसपाल अरोरा रघुनाथ भाटी प्रदेश कार्यसमिति में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन द्वारा प्रदेश कार्यसमिति समिति एवं स्थाई आमंत्रित सदस्यों की सूची जारी की गई है। इसमें सीहोर जिले से केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, भाजपा नेता, पूर्व जिला पंचायत एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा, पूर्व जिला अध्यक्ष रघुनाथ सिंह भाटी को भी शामिल किया गया है। प्रदेश कार्यसमिति में संभाग, जिला प्रभारी भी आमंत्रित सदस्य रहेंगे।

इसमें सीहोर जिले के पूर्व जिलाध्यक्ष व पूर्व सदस्य अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग सीताराम यादव जो वर्तमान में विदिशा जिले के प्रभारी हैं वे भी सूची में शामिल हैं। सूची में 106 प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हैं तो वहीं 41 स्थाई आमंत्रित सदस्य शामिल है।

### जसपाल सिंह अरोरा को मिली बधाई, शुभकामनाएं

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व जिला पंचायत एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा को भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति में शामिल किया गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल द्वारा जारी सूची में श्री अरोरा को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है। श्री अरोरा का लंबा राजनीतिक अनुभव रहा है एवं वे संगठन के कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते रहे हैं। वरिष्ठ नेता जसपाल सिंह अरोरा सीहोर में सिख समुदाय का बड़ा राजनीतिक चेहरा भी हैं। उनकी इस नियुक्ति पर सीहोर भाजपा के जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, सीहोर विधायक सुदेश राय, आष्टा विधायक इंजीनियर गोपाल सिंह, बुधनी विधायक रमाकांत भार्गव, वरिष्ठ नेता सीताराम यादव, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, प्रदेश पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम के अध्यक्ष रवि मालवीय, रघुनाथ सिंह भाटी सहित जिले के नेताओं, कार्यकर्ताओं सहित उनके मित्र मंडल ने बधाई, शुभकामनाएं दी हैं। श्री अरोरा को प्रदेश कार्यसमिति में शामिल करने पर उन्होंने एवं अरोरा मित्र मंडल व समर्थकों ने केंद्रीय एवं प्रदेश भाजपा नेतृत्व का आभार भी व्यक्त किया है।

ऐजेन्सी देना है। हरिभूमि
सिहोर जिले
में ऐजेन्सी देना है ।
आष्टा,शाहगंज,
लाडकुई, बिलकिसगंज,
डोबी, श्यामपुर
पता :- हरिभूमि कार्यालय 4 फ्लोर,
मानसरोवर कॉम्प्लेक्स,
एम.पी. नगर, भोपाल
मो.: 8770833858, 9755123912

**खबर संक्षेप**



### सीहोर बाइज ने सीहोर चिल्ड्रन को 2-0 से हराया

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर खिलाड़ियों को मंच देने के लिए हर साल की तरह इस साल भी स्व. कैलाश सारंग की स्मृति में जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार की शाम को जूनियर वर्ग के मैच में सीहोर बाइज ने सीहोर चिल्ड्रन को 2-0 से और वहीं सीनियर वर्ग के एक रोमांचक मुकाबले में सीहोर क्लब ने एमजी को 2-1 से हराया। बारिश के मध्य भी यहां पर मौजूद खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि सोमवार की शाम को जूनियर वर्ग के मैच में सीहोर बाइज की टीम ने सीहोर चिल्ड्रन को 2-0 से हराया। इस मैच में सीहोर बाइज की ओर से युवराज-आदित्य ने 1-1 गोल किया। इसके अलावा एक अन्य मैच सीनियर वर्ग में सीहोर क्लब और एमजी क्लब के मध्य खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में सीहोर क्लब की टीम 2-1 से विजय रही। इस मैच में सीहोर क्लब की ओर से पुष्प-धुरव ने 1-1 गोल किया। इधर एमजी क्लब की ओर से एक मात्र गोल सार्थक ने किया।

### केंद्रीय मंत्री की चेतावनी बेअसर, प्रशासन मौन: महिलाओं-बच्चों में भय, परिक्रमा मार्ग की पवित्रता पर सवाल

# गावों में खुलेआम संचालित हो रहा व्यापार, स्कूलों और धार्मिक स्थलों के पास बिक रही अवैध शराब

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंच से ही अधिकारियों को अवैध शराब पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी थी कि गांव-गांव हो रही अवैध शराब बिक्री पर तुरंत रोक लगाई जाए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

नर्मदा परिक्रमा पथ पर से सटे गांवों में अवैध शराब बिक्री अब खुला कारोबार बन चुकी है। हैरानी की बात यह है कि यह धंधा धार्मिक स्थलों और स्कूलों के आसपास तक पहुंच गया है, जिससे न सिर्फ कानून की धज्जियां उड़ रही हैं बल्कि सामाजिक माहौल भी बिगड़ रहा है।

हाल ही में जनकल्याण शिविर आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय कृषिमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंच से ही अधिकारियों को अवैध शराब पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी थी कि गांव-गांव हो रही अवैध शराब बिक्री पर तुरंत रोक लगाई जाए। लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आ रही है। चेतावनी के बाद भी अवैध शराब का कारोबार पहले की तरह जारी है।

#### हर गांव में 3 से 4 दुकानों से अवैध देसी व विदेशी शराब की बिक्री

मीडिया टीम द्वारा नर्मदा किनारे बसे गांवों-छीपानेर, रानीपुरा, चौरसाखेड़ी, सातदेव, तिगाली, सीलकंठ, मंडी, नीलकंठ और छिदगांव काछी सहित मंडी सिलकंठ तिगाली इन तीन गावों में सामने आया कि लगभग गांव में 3 से 4 स्थानों पर देसी-विदेशी शराब बेची जा रही है। हालांकि दुकानें बंद मिली लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि नर्मदा परिक्रमा क्षेत्र के हर गांव की कई दुकानों से शराब भी बेचने का काम किया जा रहा है। ग्राम मंडी के निवासी प्रभुदयाल यादव के अनुसार, शासकीय हाई स्कूल के पास स्थित एक दुकान में खुलेआम शराब बिक रही है। उन्होंने बताया कि पहले भी शिकायत के बाद कार्रवाई हुई थी, जुर्माना भी लगा था, लेकिन कुछ समय बाद फिर से वही धंधा शुरू हो गया।



**भैरुंदा।** ये स्कूल से लगी दुकान अवैध शराब की बिक्री जोरों से चल रही है



**भैरुंदा।** मंडी गांव की शासकीय स्कूल से लगी दुकान के सामने खाली क्वॉटर बिखरे हुए

#### स्कूल के पास नशे में हुड़दंग, बच्चों में डर

सबसे चिंताजनक बात यह है कि स्कूलों के आसपास शराब बिक्री से बच्चों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नशे में धुत लोग स्कूल के पास हुड़दंग करते हैं, जिससे छात्र-छात्राएं डर के माहौल में पढ़ने को मजबूर हैं। कई बच्चे तो स्कूल जाने से भी कतराने लगे हैं। स्कूल प्राचार्य ने बताया कि इस संबंध में एक साल पहले एसडीएम को लिखित शिकायत दी गई थी, जिसके बाद दुकान बंद भी हुई थी, लेकिन अब फिर से शराब बिक्री शुरू हो गई है। उन्होंने जल्द ही दोबारा शिकायत करने की बात कही है।

#### नियमों की खुलेआम अनदेखी

मध्यप्रदेश सरकार ने नर्मदा नदी के किनारे 5 किलोमीटर के दायरे में शराब और मांस की बिक्री पर स्पष्ट प्रतिबंध लगा रखा है। इसके अलावा कई धार्मिक स्थलों पर शराब की दुकानों को पूरी तरह बंद करने के आदेश भी जारी हैं। इसके बावजूद नर्मदा परिक्रमा मार्ग पर खुलेआम शराब बिकना प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करता है।

#### श्रृद्धालु में बढ़ रहा आक्रोश

नर्मदा परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि मां नर्मदा की पवित्र धरती पर इस तरह शराब बिक्री होना आस्था को ठेस पहुंचाने जैसा है। तो वहीं स्कूल व धार्मिक स्थलों पर शराब बिक्री को लेकर लोगों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी घनश्याम दांगी का कहना है कि अवैध शराब बिक्री पर लगातार कार्रवाई जारी है, मंडी गांव में अवैध शराब बिक्री की सूचना प्राप्त हुई है, कार्रवाई की जाएंगी।

## बिजलोन में अवैधानिक रूप से किया जमीन पर कब्जा

**सीहोर।** राजस्व विभाग तहसील सीहोर के अंतर्गत आने वाले ग्राम बिजलोन में पट्टे की भूमि पर अवैधानिक रूप से कब्जा कर अतिक्रमण करने का मामला सामने आया है। जनसुनवाई में पहुंचे पीड़ित बुजुर्ग के परिवार ने जमीन से अतिक्रमण हटवाने की मांग जिला प्रशासन से की है।



परिवार के साथ पहुंचे बाबूलाल पिता नाथूराम ने डिप्टी कलेक्टर वंदना राजपूत को बताया कि जीवन यापन के लिए सरकार ने पिता को सालों पहले शासकीय योजना अंतर्गत कृषि भूमि को पट्टा दिया था भूमि पर हमारे परिवार के द्वारा खेती किसानी की जा रही थी अचानक बीते साल हमला कर गांव के बापूसिह पिता सुखराम के द्वारा हमारी जमीन पर कब्जा कर लिया गया। परिजनों के द्वारा विरोध करने पर बापूसिह मारपीट करता है और जमीन पर आने पर जान से मारने की धमकी देता है। पूर्व में तहसील कार्यालय में भी आवेदन दिया है और पुलिस को भी बताया गया है लेकिन संबंधित पर कोई ठोस कार्रवाही नहीं की जा रही है।

### लायंस क्लब सिद्धपुर की नई कार्यकारिणी गठित





सीहोर। लायंस क्लब सिद्धपुर की बैठक रविवार को आयोजित की गई, जिसमें वर्ष 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। बैठक में लायन अजय राय को क्लब अध्यक्ष मनोनीत किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष अजय राय ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए पदाधिकारियों को दायित्व सौंपे। जिनमें उपाध्यक्ष लायन डॉ. अभिषेक शर्मा, सचिव लायन प्रभजीत सिंह अरोरा, कोषाध्यक्ष लायन निखिल जनपुरिया, एलसीआईएफ कोऑर्डिनेटर लायन कार्तिकेयन जयपाल, क्लब एडमिनिस्ट्रेटर लायन विनीत दुबे को मनोनीत किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि नए लायन सत्र के शुभारंभ पर 01 जुलाई को डॉक्टर्स डे के अवसर पर नगर के प्रमुख सेवाभावी चिकित्सकों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर लायन जयंत दसवानी, लायन विनीत दुबे, लायन डॉ. अभिषेक शर्मा, लायन अजय राय, लायन कपिल जैन, लायन प्रभजीत अरोरा, लायन निखिल जनपुरिया सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने क्लब के सेवा प्रकल्पों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## क्लच प्लेट खराब होने से खुला तस्करी का मामला हुआ उजागर, वन विभाग की निगरानी पर उठे सवाल

### पिकअप से करीब 9 लाख रुपए 12 सागौन सिल्लियां बरामद, चालक फरार

**भैरूंदा।** तहसील क्षेत्र में सागौन तस्करी का एक बड़ा मामला सामने आया है। मंगलवार दोपहर करीब 11 से 12 बजे के बीच थाना भैरूंदा पुलिस ने ग्राम नंदगांव के पास अंबर नदी के समीप सड़क किनारे पर खड़ी एक लावारिस बोलेरो पिकअप से 12 नग सागौन की सिल्लियां बरामद की हैं। मौके पर वाहन चालक नहीं मिला, वह फरार हो गया।



पुलिस के मुताबिक, सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची और वाहन की तलाशी ली। पिकअप में बड़ी मात्रा में सागौन की लकड़ी भरी हुई थी। गाड़ी की क्लच प्लेट खराब हो गई थी, जिससे वाहन बीच रास्ते में बंद हो गया और तस्करी का मामला उजागर हो गया।

पुलिस ने खराब पिकअप को टोचन कर थाने पहुंचाया और वन विभाग को सूचना दी। इसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सागौन से भरी गाड़ी को अपने कब्जे में लेकर लाड़कुई रेंज कार्यालय ले गई। अज्ञात आरोपी के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

#### वन विभाग की निगरानी पर उठे सवाल

घटना के बाद क्षेत्र में वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। लोगों का आरोप है कि दिन के समय इतनी बड़ी मात्रा में सागौन की लकड़ी का परिवहन होना गंभीर बात है। आरोप है कि जंगलों में लगातार अवैध कटाई हो रही है, लेकिन जिम्मेदार विभाग इसे रोक नहीं पा रहा है।

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार, तस्कर रात में पेड़ों की कटाई कर लकड़ी जमा करते हैं और दिन में वाहनों के जरिए उसे दूसरे स्थानों तक पहुंचाते हैं। मुख्य मार्गों पर चेकपोस्ट होने के बावजूद तस्करी जारी रहना चिंता का विषय बना हुआ है।

#### वाहन जब्त, तस्कर हर बार हो जाते है फरार

ऐसे मामलों में अक्सर वाहन और लकड़ी तो जब्त हो जाते हैं, लेकिन लकड़ी तस्कर मौके से भाग निकलते हैं। बताया जा रहा है कि तस्कर पुराने या चोरी के वाहनों का इस्तेमाल करते हैं, जिन्हें मौके पर छोड़कर आसानी से फरार हो जाते हैं।

#### रेंज कार्यालय में कबाड़ बन रहे वाहन

वन विभाग के रेंज कार्यालय में जब्त वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है। लंबे समय से खड़े वाहन अब कबाड़ में बदलते जा रहे हैं। इनकी समय पर नीलामी नहीं होने से सरकारी संसाधनों का नुकसान भी हो रहा है।

एसडीओपी रोशन कुमार जैन ने बताया कि नीलकमल ढाबे के पास लावारिस पिकअप की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर तलाशी ली गई, जिसमें 12 सागौन सिल्लियां मिलीं। वाहन को थाने लाकर आगे की कार्रवाई के लिए वन विभाग को सौंप दिया गया है।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने 82 आवेदनों पर की सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के. ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 82 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।




## इंटक कांग्रेस ने की शुगर मिल की चल-अचल संपत्तियों की रजिस्ट्री पर रोक लगाने की मांग

**सीहोर।** शुगर मिल मजदूर कांग्रेस इंटक ने अवैधानिक रूप से की जा रही बीएसआई की चल अचल संपत्तियों की रजिस्ट्री पर तत्काल रोक लगाने और हाई कोर्ट के निर्देशों के अनुसार यथास्थिति बनाए रखवाने की मांग कलेक्टर से की है। मंगलवार को कलेक्टोरेट में आयोजित जनसुनवाई में पहुंचकर इंटक कांग्रेस के पदाधिकारी जयमल सिंह राजपाल, जमीर बहादुर, भगवत सिंह परमार और महेश शर्मा के द्वारा कलेक्टर बालागुरू के के नाम ज्ञापन दिया है।

जिला इंटक कौंसिल कमेटी ने बताया कि बीएसआई की 150 एकड़ की अचल सम्पत्ति सीलिंग से मुक्त की गई है। शुगर मिल प्रबंधन और मजदूरों के हक का मामला हाईकोर्ट में लंबित है। बीएसआई 2002 से अवैधानिक रूप से बन्द है। म.प्र. शासन श्रम विभाग एवं श्रम न्यायालय, औद्योगिक न्यायालय और उच्च न्यायालय में भी संपत्ति की बिक्री को अवैध घोषित कर श्रमिक एवं कर्मचारियों को काम पर मानते हुए पूर्ण वेतन भुगतान के आदेश दिए है।

न्यायालयीन आदेशों के विरूद्ध अवैध रूप से चल अचल संपत्ति को बेचा जा रहा है। जबकि कंपनी की 150 एकड़ भूमि पर पहला हक अधिकार कर्मचारियों का है। कंपनी के मालिकों के साथ ही सभी बैंकों जिन्होंने करोड़ों का लोन दिया उनकी तत्कालीन अधिकारियों एवं संचालक कृषि विभाग म.प्र. के विरूद्ध प्रकरण दायर कर रखा है जो आज भी कोर्ट में लंबित है। इस के बावजूद कम्पनी और उनके द्वारा छोड़े गए दलालो द्वारा निरन्तर कम्पनी की सम्पत्तियों को बेचने और खुर्द-बुर्द किया जा रहा है। यह उच्च न्यायालय के स्थगन आदेशों का खुला उल्लंघन है। शुगर मिल मजदूर कांग्रेस इंटक ने अबतक हो चुके सीलिंग की जमीन के पंजीयन निरस्त कराने और शुगर मिल कर्मचारियों एवं श्रमिकों के कंपनी पर बकाया 60 करोड़ के भुगतान नही होने तक कंपनी की चल अचल संपत्ति की रजिस्ट्री पर रोक लगाने की मांग जिला प्रशासन से की है।

### डॉ. मुखर्जी ने संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित कर दिया : नरेश मेवाड़ा

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर जिला कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय सीहोर में महान राष्ट्रवादी चिंतक, प्रखर शिक्षाविद, जनसंघ के संस्थापक एवं भारतीय एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन व डॉ. मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और वैचारिक दृढ़ता का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता को सर्वोपरि मानते हुए अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित कर दिया। वे स्वतंत्र भारत की राजनीति में एक ऐसे दूरदर्शी नेता थे जिन्होंने राष्ट्रीयता और सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित राजनीति की नींव रखी। जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने कहा कि भारतीय जनसंघ की स्थापना कर उन्होंने राष्ट्रवादी विचारधारा को एक नई दिशा प्रदान की। शिक्षा, उद्योग और राष्ट्रीय नीति के क्षेत्र में उनके योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज का भारत डॉ. मुखर्जी के सपनों को साकार करने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है और प्रत्येक कार्यकर्ता को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

सभा को संबोधित करते हुए सीहोर विधायक सुदेश राय ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान भारतीय इतिहास में राष्ट्रीय एकता के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदानों में से एक है। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर में लागू दो विधान, दो प्रधान और दो निशान की व्यवस्था का दृढ़ता से विरोध किया था क्योंकि वे मानते थे कि एक देश में दो संविधान और दो व्यवस्थाएं स्वीकार नहीं की जा सकतीं। विधायक राय ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को भारत की मुख्यधारा से पूर्ण रूप से जोड़ने के लिए उन्होंने संघर्ष किया और इसी उद्देश्य से किए गए आंदोलन के दौरान उन्हें गिरफ्तार किया गया, जहां रहस्यमयी परिस्थितियों में उनका निधन हुआ। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी का बलिदान देश की एकता और अखंडता के लिए समर्पित था तथा उनके विचारों और संघर्ष की प्रेरणा से ही आज जम्मू-कश्मीर में पूर्ण संवैधानिक एकीकरण का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा देता रहेगा।

नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का राष्ट्र के प्रति समर्पण और बलिदान प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनके आदर्शों पर चलकर ही एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण किया जा सकता है। श्रृद्धांजलि सभा में भाजपा के वरिष्ठ नेता सन्नी महाजन, उपाध्यक्ष राजेंद्र राजपूत, मीडिया प्रभारी प्रितेश राठौर, जिला मंत्री प्रीति सोनी, वरिष्ठ नेता जयसिंह ठाकुर, कार्यालय मंत्री आशीष पचौरी, सह मीडिया प्रभारी पवन जैन, वरिष्ठ जन कन्हैयालाल, हरिओम शर्मा दाऊ, राकेश राठौर सहित मण्डल अध्यक्ष, मण्डल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## सैनिकों का त्याग, समर्पण और राष्ट्रभक्ति समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत:पं.महेश दुबे

**सीहोर।** परशुराम कल्याण बोर्ड के भोपाल संभाग प्रभारी पं. महेश दुबे के नेतृत्व में स्वागत सम्मान कार्यक्रम अयोजित किया गया। जिसमें हाल ही में देश सेवा से सेवानिवृत्त राजेन्द्र मेवाड़ा के साथ ही देश की सेवा करने वाले पूर्व सैनिकों का सम्मान शॉल, श्रीफल एवं पुष्पहारों से सम्मानित किया गया।




कार्यक्रम में श्री दुबे ने कहा कि पूर्व सैनिकों का त्याग, समर्पण और राष्ट्रभक्ति समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। सैनिकों ने अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय देश की सुरक्षा और सेवा में समर्पित किया है, इसलिए विधायक श्री सुदेश राय एवं परशुराम कल्याण बोर्ड के श्री विष्णु राजोरिया राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त की मन्शानुरूप आज यह सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। आज हम गौरवान्वित है कि हमें देश की निःस्वार्थ भावना से सेवा करने वाले सैनिकों का सम्मान करने का अवसर प्राप्त हुआ है। समाज का दायित्व है कि उनके सम्मान और कल्याण के लिए निरंतर कार्य किया जाए।

इस दौरान पूर्व सैनिकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए युवाओं को राष्ट्रसेवा और अनुशासन का संदेश दिया। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ तथा सभी ने पूर्व सैनिकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से हीरालाल प्रजापति, जितेन्द्र साहू, रमेश चन्द्र चन्द्रवंशी, देवकरण प्रजापति, अशोक सिसोदिया पूर्व मण्डल अध्यक्ष, पूर्व सरपंच मनोहर सिंह मेवाड़ा, सुरेश मेवाड़ा, राधेश्याम सेन, हनुमत सिंह मेवाड़ा, किशोर प्रजापति, धर्मेन्द्र दुबे, राहुल पाठक, करण सिंह कुशवाह, मुन्नालाल कुशवाह, सक्षम पालिकवाल, पुरुषोत्तम मीणा, भगवान सिंह ठाकुर, मोहन कुशवाह, पुरुषोत्तम दुबे सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकण उपस्थित रहे।

### युवाओं की विदेश में पढ़ाई पर जरूरतमंद को समाज देगा सहायता

# यादव समाज की जिला स्तरीय बैठक संपन्न, आय-व्यय का ब्योरा पेश किया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

यादव समाज की जिला स्तरीय बैठक रविवार को ग्राम निवानिया में खेड़ापति हनुमान मंदिर प्रांगण में आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम भगवान श्रीकृष्ण के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक धूलसिंह यादव बोड़ा, मुख्य अतिथि विधायक अमरसिंह यादव, अतिथि में यादव महासभा जिलाध्यक्ष सुरेष यादव, सेठजी लक्ष्मीनारायण यादव बरखेड़ा उपस्थिति में बैठक हुई। जिसमें जिलेभर से जुठे समाजजनों ने बैठक में समाज उत्थान के लिए अपनी-अपनी बात समाज की बैठक में रखी। इस दौरान इस वर्ष ग्राम निवानिया में आयोजित किए गए सामूहिक विवाह सम्मेलन का आय-व्यय का ब्यौरा समिति के कोषाध्यक्ष नेमसिंह यादव, सहकोषाध्यक्ष संजय यादव निवानिया ने समाज के समक्ष पढ़कर सुनाया। इस बीच समाज द्वारा आगामी वर्ष को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। जिसमें सर्वसम्मत्ति से आगामी 20 जनवरी 2027 को समाज का 37वां सामूहिक विवाह सम्मेलन फिर से ग्राम निवानिया में रखने का निर्णय लिया गया।

### हमें समाज उत्थान के लिए कार्य करना होगा

जिला स्तरीय बैठक में समाज जिलाध्यक्ष विधायक अमरसिंह यादव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हमे समाज उत्थान के लिए कार्य करना होगा। हमारे समाज के युवक-युवती अगर एमबीबीएस, इंजिनियर, यूपीएससी, एमपी पीएससी, नीट आदि प्रतियोगियो परीक्षा की तैयारी करना चाहता हो, या वह विदेष जाकर पढ़ाई करना चाहता हो और वह घर से आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हो तो उसकी सहायता समाज के माध्यम से उनके स्तर से करवाई जाएगी। जिससे समाज और अधिक शिक्षित हो सके।

### समाज में मुत्युभोज सीमित होने पर समिति की सराहना हुई

यादव समाज करीब डेढ वर्ष पहले विषाल रूप से चल रही एक मृत्युभोज जैसी कुप्रथा को बंद करने का निर्णय समिति द्वारा लिया गया। उस पर राधाकृष्ण मंदिर धर्मषाला ट्रस्ट उज्जैन समिति के जिलाध्यक्ष रामगोपाल यादव के नेतृत्व में जिले में लगातार कार्य कर उस कुप्रथा को बंद करवाया। जिसको समाज ने स्वीकार अब सिर्फ एक सीमित मात्रा में हो रहा। इसको लेकर जिला समिति ने सभी की सराहना करते हुए उन्हे बधाई दी।

### कार्यकर्ताओं का सम्मान कर, करवाया सहभोज

विगत 29 अप्रैल 2026 को ग्राम निवानिया में आयोजित समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में उत्कृष्ट कार्य करने पर उपस्थित समाज के सभी कार्यकताओं का जिला समिति द्वारा दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान समिति द्वारा कार्यकर्ताओं को सहभोज करवाकर उनको बधाई दी। इस दौरान बैठक को पूर्व विधायक धूलसिंह यादव, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिलवर यादव, भारतसिंह यादव भोपाल, उज्जैन धर्मषाला ट्रस्ट अध्यक्ष रामगोपाल यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पर्वत यादव नरसिंहगढ़, षिक्षक चंदरसिंह यादव मलावर, रमेष यादव भाटखेड़ी, अषोक यादव चमारी रामपुर सहित अन्य समाजजनों ने समाज उत्थान पर प्रकाष डालते हुए बैठक को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार सत्यनारायण यादव तथा आभार जनपद सदस्य लखन यादव निवानिया ने माना।

इस अवसर पर पूर्व जिलापंचायत सदस्य उंकारसिंह यादव, राधेष्याम यादव सीलखेड़ा, सरपंच लखन यादव तलेनी, सरपंच रमेष यादव तलावली, सरपंच रिकू यादव कडियामित्रसेन, इंदरसिंह यादव पाल जागीर, रमेष यादव निवानिया, डॉ. दिनेष यादव, षिक्षक कमल यादव, सुखराम भगत, गोकुल यादव, शिवराज यादव, जगदीश यादव, गुलाबसिंह यादव बोड़ा, बद्रीलाल यादव कंडेक्टर करनवास, हेमराज यादव कीलखेड़ा, पूर्व सरपंच जगदीश यादव बरखेड़ा, गोकुल यादव बरखेड़ा, शिक्षक राहुल यादव चंदेरी, पूर्व सरपंच छगनसिंह यादव, पूर्व सरपंच रामबाबू यादव सहित समाजजन और कार्यकर्ता बैठक में शामिल हुए।

### दीवार ने रोका मौत का पहिया

# ट्रैक्टर डीजे के शोर में बेकाबू होकर घर के आंगन में घुसकर कुएं की मेड़ से टकराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶लखनवास



तेज आवाज में डीजे बजाने का शौक एक बार फिर जानलेवा साबित होते-होते बच गया है। शुक्रवार सुबह करीब 5.30 बजे तलावला महाराजा से आ रहा ट्रैक्टर डीजे के शोर में बेकाबू हो गया और सड़क छोड़कर सीधे लक्ष्मीनारायण लोधा के घर में जा घुसा।

### मौत को छूकर लौटा ट्रैक्टर महिला की बची जान

गनीमत रही कि घर के सामने कचरा बुहार रही लक्ष्मीनारायण लोधा की पत्नी कुछ सेकंड पहले ही हट गईं, वरना ट्रैक्टर उन्हें कुचल देता। अनियंत्रित ट्रैक्टर घर की दीवार तोड़ता हुआ कुएं की मुंडेर से टकराकर रुक गया। फोटो खुद पूरी कहानी बयां कर रही है सजा-धजा लाल ट्रैक्टर, पीछे डीजे लगी पलटी ट्रॉली और सामने मौत का कुआं है प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक चालक तेज आवाज में गाने बजाने में इतना मस्त था कि उसे सड़क का ध्यान ही नहीं रहा। ट्रैक्टर पलटते-पलटते कुएं की दीवार से टकराया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

### यह कोई पहला हादसा नहीं

ग्रामीणों में मानसिंह, राकेश,लक्ष्मी नारायण सुधीर, अमरसिंह लोधा सहित अन्य ने बताया कि इसी रोड पर कुछ समय पहले लोधीपुरा गांव की एक महिला की टेंपो से टकराकर मौत हो चुकी है। आए दिन तेज रफ्तार और लापरवाह वाहनों से हादसे हो रहे हैं, लेकिन प्रशासन ने आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में सुबह-सुबह रेत-गिट्टी ढोने वाले ट्रैक्टरों पर भी व श्र बजाने का चलन बढ़ गया है। नशे में धुत चालक और कानफोडू आवाज के कारण हर महीने हादसे हो रहे हैं। न पुलिस रोकती है, न प्रशासन।

### प्रशासन से अपील अब तो लगाम लगाओ

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि ट्रैक्टर-ट्रॉली पर डीजे और तेज साउंड सिस्टम पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। रिहायशी इलाकों में सुबह-शाम तेज आवाज व तेज रफ्तार वाहनों पर सख्त चालानी कार्रवाई हो। दुर्घटनाग्रस्त रोड पर स्पीड ब्रेकर और चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने जल्द सख्ती नहीं दिखाई तो उग्र आंदोलन होगा और इसकी जिम्मेदार प्रशासन होगा। इस संबंध में थाना प्रभारी मालावार से संपर्क नहीं हो पाया।

### जमीन बचाने भोपाल तक पैदल निकले दो किसान

# नगर के इंदर चौराहा पर गूंजी इंसाफ की मांग को लेकर घंटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶जीरापुर

सोमवार दोपहर लगभग 12 बजे नगर के इंदर चौराहा पर एक अनोखा नजारा दिखा, वाकिया को देखकर हर कोई ठिठक गया। दो किसान भाई हाथ में घंटी, पसीने से तरबतर, नंगे पैर पैदल और मंजिल पाने को जा रहें थे सीधे भोपाल, मुख्यमंत्री का दरबार।

### कौन किसान है जो यह पीड़ा लेकर चले इंसाफ मांगने

जब इन दोनों बंधुओं से रोककर पूछा तो दर्द छलक पड़ा। कहा कि हम देवीसिंह गुर्जर, माचलपुर थाना इलाके के खेड़ी पटेल गांव के हैं। साथ में मेरा भाई है।" देवी सिंह ने बताया कि खेड़ीगांव में उनकी पुश्तैनी जमीन पर पोलखेड़ा गांव की राधाबाई पति श्यामलाल गुर्जर और उनके परिवार के दबंग कब्जा करना चाहते हैं।

### कोर्ट से जीते, सिस्टम से हारे

किसान का दावा है-कोर्ट में केस लगाया, हम जीत भी गए। कागज हमारे नाम, फैसला हमारे हक में। पर जमीन पर कब्जा दबंग करना चाह रहे। किसान भाई ने थाने से कलेक्टर तक सबके दर खटखटाए। देवी सिंह का आरोप-तहसीलदार के पास गए, पुलिस थाने के चक्कर काटे, एसडीएम को अर्जी दी, कलेक्टर दफ्तर तक पहुंचे... पर सुनवाई शून्य! अधिकारी हमारी मदद नहीं कर रहे।"

### 'आखिरी उम्मीद भोपाल से अब, वहीं जा रहे वहीं सुनेंगे'

जब सुनने को लेकर कोई नहीं तो परेशान थक-हारकर दोनों भाइयों ने घंटी उठाई और पैदल ही भोपाल की ओर कूच कर दिया। अब तो मुख्यमंत्री ही सुनेंगे। उन्होंने बताया कि यह जमीन है जिससे हमारे परिवार का पेट पालते हैं। अगर ये भी छिन गई तो बाल-बच्चों को लेकर कहां जाएंगे? कहते-कहते देवी सिंह की आंखें भर आईं। कोर्ट का आदेश, फिर भी किसान सड़क पर। तहसील से कलेक्ट्रेट तक फरियाद अनसुनी। अब देखना है कि घंटी की गूंज भोपाल तक पहुंचती है या नहीं। इंदर चौराहा से निकले ये कदम इंसाफ की आस में कितना दूर जाएंगे, पूरे इलाके की नजर उसी पर टिकी है। जीरापुर से भोपाल की दूरी करीब 180 किमी। हाथ में घंटी, दिल में उम्मीद लिए दो किसान बढ़े चले जा रहे हैं भोपाल।

# रास्ते के विवाद पर महिलाओं से मारपीट, जातिसूचक शब्द गाली-गलौज करने से 5 लोगों पर अपराध पंजीबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीरापुर

नगर के समीपवर्ती गांव काशीखेड़ी में रास्ते के पुराने विवाद ने रविवार दोपहर मारपीट जातिसूचक शब्द गाली गलौज में तब्दील हुआ मामला प्रकरण दर्ज। यहां एक महिला और उसके परिवार पर गांव के लोगों ने हमला कर दिया। पुलिस ने मारपीट, गाली-गलौज और एससी एसटी एक्ट की धाराओं में 8 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक फरियादी संगीता बाई पति पप्पू भिलाला ने पुलिस को बताया कि 21 जून को दोपहर करीब 1.30 बजे वह घर के बाहर पानी की टंकी पर नहाने की तैयारी कर रही थी। साथ में सास कैलाश बाई, ननद पूजा, बहू भावना और बेटा अजय भी मौजूद थे। इसी दौरान पुराने रास्ते के विवाद के चलते कहासुनी गाली गलौज मारपीट हुई। आरोप है कि कुशाल,हेमराज, रायसिंह, प्रेमसिंह, शंभूलाल दांगी और उनके परिवार के लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। संगीता बाई ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि आरोपियों ने जातिसूचक गालियां दीं, धमकी दी और कहा-तुम लोगों को गांव में नहीं रहने देंगे। हमले में घर के बाहर लगे कैमरे और दरवाजे को भी नुकसान पहुंचाया गया। हमले में पप्पू भिलाला की पत्नी संतोष बाई उम्र 35 साल और मां कैलाशबाई उम्र 70 साल, पुत्र अजय उम्र 25 साल, भानेज पूजा उम्र 20 साल घायल हो गए जिन्हें पुलिस की मदद से सिविल अस्पताल जीरापुर लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार दौरान डॉक्टरों ने गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया!

### इन धाराओं में दर्ज हुआ मामला

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 296(इ), 115(2), 351(3), 3(5), 324(2) के साथ अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा 3(1)(द), 3(1)(ध), 3(2)(अं) के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

# मेरा मंत्री पद शिव बाबा का वरदान व ब्रह्माकुमारी बहनों की तपस्या का परिणाम: मंत्री टेटवाल

### मातेश्वरी जगदंबा की पुण्य स्मृति में श्रद्धांजलि व आध्यात्मिक ज्ञान दिवस आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर




प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सारंगपुर द्वारा संस्थान की प्रथम प्रशासिका, त्याग, तपस्या एवं समर्पण की प्रतिमूर्ति मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती (मम्मा) की पुण्य स्मृति में श्रद्धांजलि एवं आध्यात्मिक ज्ञान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परिवार में सद्भाव की कला विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों एवं पत्रकार बंधुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं परमात्म स्मृति के साथ हुआ।

मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री गौतम टेटवाल उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती का जीवन सेवा, सादगी और आध्यात्मिक मूल्यों का अनुपम उदाहरण है। उनके आदर्श आज भी समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान कर रहे हैं। मंत्री टेटवाल ने कहा, मेरा मंत्री पद भी शिव बाबा का वरदान और इन त्याग-तपस्यामयी ब्रह्माकुमारी बहनों के आशीर्वाद का परिणाम है। मैं ईश्वरीय सेवाओं के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज की जिला प्रभारी मधु दीदी ने मातेश्वरी जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन ईश्वरीय सेवा और मानव कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। उनके जीवन से त्याग, पवित्रता और आत्मिक शक्ति की प्रेरणा मिलती है। मधु दीदी ने नगर के पत्रकारों द्वारा की जा रही ईश्वरीय सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि स्थानीय पत्रकारों के माध्यम से प्रकाशित होने वाले आध्यात्मिक समाचारों की गूंज ब्रह्माकुमारीज के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू तक पहुंच रही है, जो पूरे नगर के लिए गौरव का विषय है। वहीं स्थानीय सेवाकेंद्र प्रभारी भाग्य लक्ष्मी दीदी ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। वहीं नगर भ्राता अरविंद सक्सेना ने संस्था की ओर से सभी अतिथियों एवं सहयोगकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर महेश पुष्पद, डॉ. विष्णु प्रसाद मालवीय, राधेश्याम माहेश्वरी, डॉ. आर्य, डॉ. विजय चैहान, अनिल गुप्ता सहित विभिन्न पत्रकार संगठनों के सदस्य एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती (मम्मा) के जीवन मूल्यों को वर्तमान समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक बताते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।

# कबीर वाणी से गूंजा सारंगपुर चल समारोह में उमड़े श्रद्धालु



**सारंगपुर।** प्रगतिशील बलाई युवा कल्याण समिति के तत्वावधान में आयोजित प्रकट महोत्सव एक शाम कबीर साहब के नाम श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता का अनुपम संगम बना। कार्यक्रम में राज्य मंत्री गौतम टेटवाल मुख्य अतिथि तथा पद्मश्री सम्मानित कबीर भजन गायक प्रहलाद सिंह टिपानिया विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। शाम 4 बजे स्थानीय परिसर से विशाल चल समारोह निकाला गया। बैंड-बाजों, ढोल की थाप पर महिला मंडल की अनुशासित सहभागिता और समाजजनों की एकरूप वेशभूषा ने आकर्षण बढ़ाया। वरिष्ठ समाजजन ध्वज लेकर घोड़ियों पर सवार रहे, वहीं सुसज्जित बग्घी में सवार प्रहलाद सिंह टिपानिया कबीर के निर्गुण भजन प्रस्तुत करते हुए चल रहे थे। चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों से होकर पुनः राठी परिसर पहुंचा, जहां जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। सभा में मंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि संत कबीर ने जाति-पांति, ऊंच-नीच और आडंबर का विरोध कर मानवता, प्रेम और समानता का संदेश दिया। उनके विचार आज भी समाज को दिशा देने वाले हैं। इसके बाद प्रहलाद सिंह टिपानिया ने "झीनी-झीनी बीनी चदरिया" और "मोको कहां ढूंढे रे बंदे" जैसे प्रसिद्ध भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। देर रात तक श्रद्धालु कबीर वाणी पर झूमते रहे। कार्यक्रम में विभिन्न भजन मंडलियों का सम्मान किया गया तथा सहभोज का आयोजन हुआ। नगर के अनेक सामाजिक, धार्मिक और व्यापारिक संगठनों ने पुष्पवर्षा कर चल समारोह का स्वागत किया। इस दौरान कार्यक्रम की बाबूलाल मालवीय ने की वही मंचासिन नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल,पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय,समाज अध्यक्ष भगवान मालवीय,आ अध्यक्ष कैलाश मालवीय,देवकरण मालवीय,घनश्याम मालवीय,राजेश बंसल सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल हुए।

### नरसिंहगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास को नई गति देने का प्रयास

# कुरावर कॉलेज, खेल मैदान व बाबा बैजनाथ महादेव कॉरिडोर को लेकर विधायक ने मुख्यमंत्री से क्षेत्र की योजनाओं पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरावर



नरसिंहगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास को नई गति देने के लिए विधायक मोहन शर्मा ने सोमवार को भोपाल स्थित मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सौजन्य भेंट कर क्षेत्र की विभिन्न विकास योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान कुरावर क्षेत्र की शिक्षा और खेल सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए महाविद्यालय के विकास, आधुनिक खेल मैदान निर्माण तथा सड़क उन्नयन की मांग प्रमुखता से रखी गई।

विधायक ने मुख्यमंत्री को बताया कि कुरावर क्षेत्र में उच्च शिक्षा सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता है। महाविद्यालय में संसाधनों की उपलब्धता और आधारभूत सुविधाओं के विकास से क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा। साथ ही युवाओं की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए आधुनिक खेल मैदान के निर्माण की मांग भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी गई। बैठक में विधानसभा क्षेत्र की जर्जर सड़कों के निर्माण और चैड़ीकरण का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। विधायक ने कहा कि बेहतर सड़क संपर्क से क्षेत्र के ग्रामीण और शहरी नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा तथा विकास गतिविधियों को गति मिलेगी। इसके बाद विधायक ने नरसिंहगढ़ स्थित बाबा बैजनाथ महादेव धाम के कॉरिडोर निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि यह धाम क्षेत्र की धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र है और कॉरिडोर के पूर्ण होने से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलने के साथ धार्मिक पर्यटन को भी नई पहचान प्राप्त होगी।

विधायक ने नरसिंहगढ़ नगर के चार प्रमुख प्रवेश द्वारों के निर्माण का प्रस्ताव भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। उनका कहना था कि इससे नगर का सौंदर्यीकरण होगा और क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान और अधिक मजबूत होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विधायक द्वारा प्रस्तुत सभी प्रस्तावों पर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया तथा क्षेत्र के विकास कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही। माना जा रहा है कि इन योजनाओं को स्वीकृति मिलने के बाद शिक्षा, खेल, धार्मिक पर्यटन और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में व्यापक बदलाव देखने को मिलेंगे।

### विकास कार्यों को लेकर जगी नई उम्मीद

मुख्यमंत्री और विधायक के बीच हुई इस महत्वपूर्ण चर्चा के बाद क्षेत्रवासियों में विकास कार्यों को लेकर नई उम्मीद जगी है। विशेष रूप से कुरावर महाविद्यालय के सुदृढ़ीकरण, खेल मैदान निर्माण और बाबा बैजनाथ महादेव कॉरिडोर जैसी योजनाओं से विद्यार्थियों, युवाओं और श्रद्धालुओं को सीधा लाभ मिलने की संभावना है। विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि नरसिंहगढ़ विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### 24 को होगी स्थानीय निकायों की समीक्षा

**सीहोर।** राज्य वित्त आयोग 24 जून, को भोपाल संभाग के दौरे पर रहेगा। आयोग नगरीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं की वित्तीय स्थिति, पारदर्शिता, गुणवत्ता तथा आर्थिक स्वावलंबन के संबंध में भोपाल के सांसद, विधायक तथा दोनों निकायों के जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ संभाग के अधिकारियों से भी सुझाव प्राप्त करेगा। आयोग के अध्यक्ष, जयभान सिंह पवैया, सदस्य के. के. सिंह, पदेन सदस्य, ऋषि गर्ग तथा सदस्य सचिव, वीरेन्द्र कुमार संभाग के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। बैठक में नगरीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं को वित्तीय रूप से सुदृढ़, पारदर्शी और आत्मनिर्भर बनाने के उपायों पर चर्चा की जायेगी। आयोग भोपाल संभाग के आयुक्त, भोपाल संभाग के जिलों के कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, नगर निगम आयुक्त एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर नगरीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं की वित्तीय स्थिति की विस्तृत समीक्षा करेगा बैठक में निकायों के मूल दायित्वों, स्वच्छता, पेय-जल, विकास कार्यों की गुणवत्ता तथा स्वयं के राजस्व स्त्रोतों में वृद्धि के उपायों पर विचार विमर्श किया जायेगा। इसके साथ ही नगरीय एवं पंचायत क्षेत्रों में संभावित नवाचारों पर भी चर्चा होगी।

### सीहोर शिक्षा विभाग में फिर हुआ बदलाव, देवास नहीं जाएंगे संजय सिंह तोमर

# डीईओ की विदाई के बाद नए आदेश से बढ़ी हलचल, अब डाइट के बनाए प्राचार्य

**पहले तत्काल प्रभाव से सीहोर से हटाकर देवास जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिमनाबाई में प्राचार्य पद पर पदस्थ कर दिया था।**




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला शिक्षा विभाग में पिछले कुछ दिनों से लगातार प्रशासनिक उठापटक देखने को मिल रही है। पहले मध्यप्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर को तत्काल प्रभाव से सीहोर से हटाकर देवास जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिमनाबाई में प्राचार्य पद पर पदस्थ कर दिया था। यह आदेश स्कूल शिक्षा विभाग की उप सचिव मंजूषा विक्रांत राय द्वारा जारी किया गया था। तोमर के हटते ही सीहोर शिक्षा विभाग की कमान देवास से सावन पाटीदार को सौंपी गई।

उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी का पदभार भी ग्रहण कर लिया था। इससे माना जा रहा था कि सीहोर में फिलहाल प्रशासनिक स्थिति स्थिर हो जाएगी, लेकिन मंगलवार को आए नए आदेश ने एक बार फिर चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया। मंगलवार को उप सचिव मंजूषा विक्रांत राय द्वारा जारी नए ट्रांसफर आदेश में प्रदेश के कई शिक्षा अधिकारियों के नाम शामिल हैं। आदेश के अनुसार विभिन्न जिलों में पदस्थ अधिकारियों के स्थानांतरण किए गए हैं। इनमें प्रमुख रूप से सुनील नेमा, शौर्य मल्होत्रा, सत्यम चौरसिया, अभिनाश दीक्षित, मधु शर्मा, नीतेश पांडे, विद्या मिश्रा, कविता त्रिपाठी, स्वीटी मंगल, ऐश्वर्य मुंडड़ा, सावन पाटीदार, सुश्री शीलू शर्मा, राजीव सूर्यवंशी, पूजा जैन, संजय तोमर और एस.बी. सिंह के नाम शामिल हैं।

#### सीहोर से जुड़ा नाम फिर चर्चा में

नए आदेश में सीहोर का नाम फिर सामने आया है। आदेश के अनुसार सावन पाटीदार को अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय देवास से हटाकर सहायक संचालक, कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी राजगढ़ पदस्थ किया गया है।
वहीं शीलू शर्मा, जो लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल में पदस्थ थीं, उन्हें सहायक संचालक, कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी सीहोर पदस्थ किया गया है।इसके साथ ही संजय सिंह तोमर को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी सीहोर से हटाकर प्रभारी प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) सीहोर की जिम्मेदारी दी गई है। इस आदेश के बाद सीहोर शिक्षा विभाग में एक बार फिर नई प्रशासनिक संरचना बनने की संभावना दिख रही है।

#### शिक्षा विभाग में बढ़ी चर्चाएं

लगातार हो रहे तबादलों से शिक्षा विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच चर्चाएं तेज हो गई हैं। खासकर सीहोर में यह सवाल उठ रहा है कि आखिर बार-बार हो रहे प्रशासनिक बदलावों का जिले की शिक्षा व्यवस्था पर क्या असर पड़ेगा। सूत्रों की मानें तो विभाग में अभी और बदलाव संभव हैं। फिलहाल नए आदेश के बाद सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि आने वाले दिनों में सीहोर शिक्षा विभाग की कमान किस तरह संचालित होगी और नई पदस्थापनाओं का जमीनी असर क्या देखने को मिलेगा।

# नृसिंह लक्ष्मी मंदिर परिसर में आयोजित होगी राम लीला



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के कोलीपुरा स्थित श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर परिसर में आगामी दिनों में होने वाली रामलीला को लेकर मंदिर के संत माधवदास महाराज से प्रयाग राज से आए रामलीला मंडल की ओर से बृजेश शर्मा सहित अन्य ने भेंट कर रामलीला के संबंध में रुपरेखा तैयार की गई। वहीं मंगलवार को मंदिर परिसर में स्थित भगवान शिव को एक लोटा जल समर्पित किया। संत माधवदास ने बताया कि भगवान शिव को महेश के रूप में भी पूरा जाता है, आज महेश नवमीं है और यहां पर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। इस दौरान सनातन सेना के प्रदेश सचिव पवन केवट, आयुष गुप्ता सहिज अन्य मौजूद थे। संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि भगवान शिव केवल देवता नहीं हैं, वे संपूर्ण सृष्टि के कल्याणकारी स्वरूप हैं। भगवान शिव इतने भोले हैं कि वे अपने भक्त की सच्ची श्रद्धा देखकर तुरंत प्रसन्न हो जाते हैं। उन्हें सोने-चांदी के महल नहीं चाहिए, उन्हें केवल अपने भक्त का प्रेम चाहिए। एक लोटा जल, कुछ बेलपत्र और सच्चे मन से किया गया स्मरण भी महादेव को प्रसन्न कर देता है। भगवान शिव हमें सिखाते हैं कि जीवन में कितना भी बड़ा संकट क्यों न आए, धैर्य नहीं खोना चाहिए। शिव ने विष को भी अपने कंठ में धारण कर संसार को बचाया। इसका संदेश है कि जीवन की कठिनाइयों को साहस और संयम के साथ स्वीकार करना चाहिए। महादेव के परिवार नंदी बैल, सिंह, मूषक, सर्प और मोर जो स्वभाव से एक-दूसरे के विरोधी हैं, वे भी शिव परिवार में प्रेमपूर्वक रहते हैं। इससे हमें सीख मिलती है कि परिवार और समाज में प्रेम, सद्भाव और एकता बनाए रखनी चाहिए। भगवान शिव की भक्ति व्यक्ति के भीतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है। जो व्यक्ति प्रतिदिन जाप करता है, उसके मन में शांति, आत्मविश्वास और आध्यात्मिक शक्ति बढ़ती है। शिव भक्ति से नकारात्मक विचार दूर होते हैं और जीवन में नई आशा का संचार होता है।

# महेश जयंती पर माहेश्वरी समाज ने निकाला चल समारोह, पुष्प वर्षा और दुपट्टों से किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर में महेश जयंती का पावन पर्व स्थानीय माहेश्वरी समाज द्वारा अत्यंत हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर समाजजनों द्वारा एक विशाल और आकर्षक चल समारोह निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष और युवा पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। यह भव्य चल समारोह नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होता हुआ उत्साहपूर्वक आगे बढ़ा, जिसका जगह-जगह मंच बनाकर नगरवासियों और विभिन्न संगठनों द्वारा आत्मीय स्वागत व सम्मान किया गया। भजनों की धुन और भगवान महेश के जयकारों से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा।कॉलोनी चौराहे पर हुआ भव्य स्वागत - चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों से भ्रमण करते हुए स्थानीय कॉलोनी चौराहा पहुंचा, यहा नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा अपनी टीम के साथ चल समारोह का भव्य स्वागत किया गया। श्री मेवाड़ा ने चल समारोह में शामिल माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, संतोष झंवर, धीरज धारवां एडवोकेट, नितीन धारवां, विकास बजाज, महेश राठी सहित माहेश्वरी महिला संगठन की पदाधिकारियों और महिला शक्ति का भी विशेष रूप से स्वागत किया गया। इस अवसर पर पार्षद रवि शर्मा, आनंद गोस्वामी, रोहित तौमर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# सांसद ने क्षेत्र में नागरिकों से किया संपर्क-संवाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मोदी सरकार के सेवा, सुशासन, जनकल्याण एवं विकसित भारत के संकल्प को समर्पित केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर देवास लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री महेंद्रसिंह सोलंकी ने आष्टा विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय प्रवास के दौरान क्षेत्र के वरिष्ठ नेताओं,कार्यकर्ताओ के निवास पर पहुच कर उनसे संवाद,संपर्क कर उनका स्वागत ओर सम्मान किया ।

संपर्क के दौरान सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी ने जनसंघी वरिष्ठ नेता अवधनारायण सोनी,वरिष्ठ मंडी व्यापारी नवनीत संचेती, मीसाबंदी फूलचंद वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष हुक्म प्रजापति, वरिष्ठ सदस्य नारायणसिंह जी प्रजापति, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष अनोखीलाल खंडेलवाल, राकेश सुराणा, पूर्व सैनिक संतोष शर्मा, माखनलाल सोनी के निवास पर पहुच कर संवाद कर स्वागत सम्मान किया। संपर्क के दौरान सांसद प्राचीन सीतलामाता मन्दिर पहुंचे माताजी के दर्शन किये मन्दिर समिति ने स्वागत सम्मान किया। संवाद एवं संपर्क के दौरान सांसद श्री महेंद्रसिंह सोलंकी ने सभी को मोदी जी के नेतृत्व में उनके कार्यकाल के 12 साल के कार्यो,विकास योजनाओं, की जानकारी दी एवं संवाद किया।

सांसद श्री महेंद्रसिंह सोलंकी ने जावर में सांदीपनी विद्यालय निरीक्षण किया,लाखन देव धाम पहुच कर दर्शन किये। डोडी में आरोग्य केंद्र का निरीक्षण कर यहा पीएम आवास योजना के हितग्राही से संपर्क किया,कोठरी में पीएम सूर्य घर योजना के हितग्राही से संपर्क किया,वरिष्ठ नेता श्री जगदीश पटेल आदि से संपर्क कर क्षेत्रीय विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, सामाजिक सरोकारों एवं विकसित भारत के संकल्प को लेकर सार्थक चर्चा की।

संवाद एवं संपर्क अभियान के दौरान आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा, जिला उपाध्यक्ष धारा सिंह पटेल, मंडल अध्यक्ष विजेन्द्रसिंह ठाकुर, नरेन्द्रसिंह ठाकुर,देवजी पटेल, मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, मनोज वैद्य, राधेश्याम दलपति, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, पूर्व जिला मीडिया प्रभारी सुशील संचेती, जिला महामंत्री तारा कटारिया, रूपेश राठौर, उमेश शर्मा, धनरूपमल जैन, मोहित सोनी, सौरभ जैन, अवनीश पिपलोदिया, ऋषि कमलेश विश्वकर्मा, जगदीश चौहान, राकेश प्रजापति, मनोज ताम्रकार, तेजसिंह राठौर, कालू भट्ट, भगवत मेवाडा, गुरुचरण परमार, सुमित मेहता, कमलेश जैन,भुरू खाँ, मनोहर बैरागी, अनिमेष सोनी, बंटी जायसवाल, राधेश्याम अलेरिया, सुरेश परमार, सनी रॉबर्ड, हरेन्द्र ठाकुर, सलीम ठेकेदार, अर्जुन ठाकुर, कृष्णा शर्मा, बलवीर ठाकुर, मनोहर श्रीवास्तव सहित भाजपा के सभी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, पार्षद, भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# योग, ध्यान और सड़क सुरक्षा को लेकर किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर देवास-भोपाल कोरीडोर की सामाजिक उत्तरदायित्व टीम द्वारा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था के सहयोग से फंदा टोल प्लाजा परिसर में योग, ध्यान एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कर्मचारियों, स्थानीय नागरिकों एवं अन्य उपस्थितजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर योग और ध्यान के माध्यम से स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवन का संदेश ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान ब्रह्माकुमारी संस्था की बहनों एवं सदस्यों द्वारा योग, ध्यान और आध्यात्मिक जीवन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि आज की व्यस्त जीवनशैली में मानसिक शांति, आत्मिक शक्ति और शारीरिक स्वास्थ्य का संतुलन अत्यंत आवश्यक है। नियमित योग एवं ध्यान व्यक्ति को तनावमुक्त, ऊर्जावान तथा सकारात्मक बनाते हैं, जिससे वह स्वयं के साथ-साथ समाज के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। इसके उपरांत फंदा टोल प्लाजा पर सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता अभियान भी चलाया गया। अभियान के दौरान टोल प्लाजा से गुजरने वाले वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन का महत्व समझाया गया तथा सुरक्षित एवं अनुशासित ढंग से वाहन संचालन करने वाले चालकों को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही टोल प्लाजा पर स्थापित इलेक्ट्रॉनिक संदेश प्रदर्शन प्रणाली के माध्यम से प्रदर्शित सड़क सुरक्षा संदेशों को वाहन चालकों तक पहुंचाकर उन्हें जागरूक एवं सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। योग, ध्यान, आध्यात्मिक जागरूकता और सड़क सुरक्षा को समर्पित यह पहल समाज में स्वास्थ्य, अनुशासन, सुरक्षा एवं मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास था। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि स्वस्थ शरीर, शांत मन और सुरक्षित यातायात ही एक विकसित, जागरूक और समृद्ध समाज की सच्ची पहचान हैं। इस अवसर पर प्लाजा प्रबंधक दिनेश पाटिल, उप प्लाजा प्रबंधक राकेश पुरोहित, सुरक्षा अधिकारी अमित सिंह, सामाजिक उत्तरदायित्व प्रबंधन से उमा शंकर पांडेय, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय संस्था की ओर से संध्या दीदी, खुशबू दीदी, राजीव जी, दिनेश राजपूत सहित संस्था एवं परियोजना के अन्य सदस्य तथा अनेक गणमान्य एवं सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

# संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत कांग्रेस पार्टी ने की चारों विधानसभा क्षेत्रों में मंडल अध्यक्षों की नियुक्तियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतु पटवारी, संगठन महासचिव डॉ. संजय कामले एवं सीहोर जिला प्रभारी जयश्री हरीकरण के मार्गदर्शन में संचालित संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत सीहोर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के द्वारा सीहोर जिले की चारों विधानसभा सीहोर, आष्टा, बुधनी एवं इछावर विधानसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्षों की नियुक्तियां प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुमोदन उपरांत की गई हैं। साथ ही सभी नवनियुक्त सभी मंडल अध्यक्षों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की है कि आप सभी कांग्रेस पार्टी की विचारधारा, नीतियों एवं सिद्धांतों के अनुरूप कार्य करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने तथा जनहित के मुद्दों को प्रभावी रूप से उठाने में पुरी ईमानदारी व सक्रीयता के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। हमें पूर्ण विश्वास है कि आपके नेतृत्व, समर्पण एवं सक्रिय सहभागिता से सीहोर जिले की चारों विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस संगठन और अधिक मजबूत, गतिशील एवं जन-जन से जुड़ा हुआ बनेगा।

कांग्रेस अध्यक्ष श्री गुजराती ने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने अपने 'संगठन सृजन अभियानके तहत संगठन को बूथ और मंडल स्तर तक मजबूत करने की दिशा में सीहोर जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में मंडल अध्यक्षों की नियुक्तियाँ की हैं। इस अभियान का उद्देश्य जमीनी स्तर पर पार्टी की संरचना को सशक्त बनाना और आगामी चुनावों के लिए संगठनात्मक तैयारी को तेज करना है। मध्य प्रदेश में पार्टी नेतृत्व ने कई विधानसभा क्षेत्रों में मंडलम (मंडल) अध्यक्षों की नियुक्ति करते हुए संगठन विस्तार की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया है। कांग्रेस पार्टी का यह अभियान राष्ट्रीय स्तर पर चल रहा है, जिसके अंतर्गत जिला, नगर और मंडल स्तर पर संगठन का पुनर्गठन किया जा रहा है ताकि कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़े और संगठन को अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

इसी के तहत सीहोर विधानसभा क्षेत्र में 28 मण्डलम अध्यक्ष, आष्टा विधानसभा में 37, इछावर विधानसभा में 29 एवं बुधनी विधानसभा में 32 मण्डलम अध्यक्षों की नियक्तियाँ की गई है। सीहोर जिले की चारों विधान के नवनियुक्त मण्डलम अध्यक्षों के मनोनयन पर बधाई एवं शुभकामनाऐं देने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल, पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल, पूर्व नपाध्यक्ष अष्टा कैलाश पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ.बलवीर तोमर, सुश्री रूकमणी रोहिला, हरपाल ठाकुर, विक्रम मस्ताल, विवेक राठौर, घनश्याम यादव, गुलाब बाई ठाकुर, महेश राजपूत सहित कांग्रेस पार्टी के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हैं।

### लोकसंगीत के जरिए सारिका घारू ने आमजनों को मतदाता सूची से जोड़ा

# स्थानीय निकाय और विधानसभा मतदाता सूची का भ्रम किया दूर




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, नगरीय निकायों और त्रि-स्तरीय पंचायतों की मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 के तहत सीहोर जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोग के कमिश्नर मनोज कुमार श्रीवास्तव एवं सचिव के मार्गदर्शन में आयोग की ब्रांड एंबेसडर सारिका घारू ने इस अभियान की कमान संभाली। सीहोर कलेक्टर बालागुरू के के निर्देशन मे जागरूकता गतिविधियां की गई ।इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पारंपरिक लोकसंगीत रहा। स्थानीय भाषा में गीतों, 25 जून तक नाम जोड़ना, हम सबकी जिम्मेदारी जैसे आकर्षक चुनावी जिंगल्स के जरिए युवाओं और महिलाओं को वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया समझाई गई। सारिका घारू ने नागरिकों का एक बड़ा भ्रम दूर करते हुए स्पष्ट किया कि लोकसभा या विधानसभा की मतदाता सूची और स्थानीय निकाय की सूची दोनों अलग-अलग होती हैं। जिन नागरिकों का नाम विधानसभा सूची में है, उन्हें भी पंचायत और नगर निकाय चुनावों के लिए इस स्थानीय सूची में अपना नाम दोबारा जरूर जांचना चाहिए।सारिका ने कहा कि जो युवा 1 जनवरी 2026 को या उससे पहले 18 वर्ष के हो चुके हैं, वे तुरंत अपना नाम जुड़वाएं। इसके साथ ही मतदाता सूची में नाम या पते की गलतियों को सुधारने के लिए आयोग द्वारा बढ़ाई गई 25 जून की अंतिम तिथि का लाभ उठाएं।कार्यक्रम का समापन आगामी स्थानीय चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के संकल्प के साथ हुआ।

# आलोक और आशीष का सेना में चयन होने पर गांव में निकाला जुलूस



हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

ग्राम खामखेड़ा जतरा के राजेंद्र सिंह ठाकुर के पुत्र आलोक ठाकुर, युगल दास बैरागी के पुत्र आशीष बैरागी ने भारतीय सेना अग्निवीर में चयनित होकर अपने माता-पिता का सपना पूरा किया व गांव का नाम रोशन किया। दोनों जवान अपनी ट्रेनिंग पुरी कर अपने ग्रह ग्राम आगमन पर समस्त ग्राम वासियों द्वारा भारतीय सेना के जवान आलोक ठाकुर व आशीष बैरागी का हार फूल माला पहनाकर बग्गी में बैठ कर पूरे गांव में बैंड बाजो के साथ जुलूस निकाला गया। जुलूस का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। उनकी इस उपलब्धि पर उनके इष्ट मित्रों व ग्राम वासियों द्वारा उन्हें बधाई दी देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।